# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

**(NAAC Accredited : B + Grade)**

***सम्बद्ध : डॉ0 भीमराव आंम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा***

## रेंजर्स वार्षिक रिर्पोट

**सत्र – 2025–26**

दिनांक– **11- 02- 2026** से **13- 02-2026**




डॉ0 अंकिता ठाकुर
रैंजर्स प्रभारी

# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

## रेंजर्स तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर रिपोर्ट

### सत्र – 2025–26

### दिनांक– 11- 02- 2026 से 13- 02-2026

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज फिरोजाबाद में दिनांक 11– 02– 2026 से 13– 02– 2026 तक रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 28 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

दिनांक 11– 02–2026 को शिविर के प्रथम दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके, दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की। तत्पश्चात प्रार्थना और झंडा रोहण रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय ने छात्राओं को अपना शुभाशीष देते हुए छात्राओं को जीवन में रेंजर्स के महत्व के बारे में समझाया। कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग से डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. चर्चा और डॉ. शबनम, वनस्पति विभाग से श्रीमती अरुणा भट्ट, संगीत विभाग से श्रीमती ममता गुप्ता, गृह विज्ञान विभाग से श्रीमती शैलजा पाठक, श्रीमती श्रेष्ठा खेल विभाग से सुश्री नीमा उपस्थित रहें।



शिवर के प्रथम दिन डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव ने छात्राओं को प्रशिक्षित किया और छात्राओं को रेंजर्स के इतिहास और परिचय के बारे में अवगत कराया। प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग और गाइडिंग के नियम, प्रतिज्ञा, टोली प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, मार्च पास्ट, सैल्यूट आदि का प्रशिक्षण दिया गया।





दिनांक 12 – 02– 2026 को शिविर के द्वितीय दिवस पर झंडा रोहण के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात रेंजर्स शिवर के प्रतिभागियों ने रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर के निर्देशन में षडिजिटल डिटॉक्स और मेंटल हेल्थष जागरूकता रैली निकाली, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से लोगों को डिजिटल डिटॉक्स और मेंटल हेल्थ के बारे में जागरूक किया और डिजिटल डिवाइस के ज्यादा उपयोग से बचने के उपाय भी बताएं। रैली में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. शबनम, डॉ.




चर्चा, डॉ. ज्योति अग्रहरि और श्रीमती आकांक्षा यादव उपस्थित रहीं। इस रैली के बाद डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव ने छात्राओं को गांठे बंधन, वर्दी, तंबू निर्माण, गैजेट्स, कैंप फायर आदि के बारे में प्रशिक्षित किया।




रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर के तीसरे दिन (13–02–2026) और समापन अवसर पर झंडा रोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शिविर में छात्राओं को आत्मरक्षण के तकनीकों में भी प्रशिक्षित किया गया। शिविर में प्रशिक्षक भावुक यादव ने छात्राओं को आत्मरक्षा के विभिन्न व्यवहारिक गुर सिखाएं।




प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर का समापन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय के निर्देशन और महाविद्यालय के प्रबंध समिति के सचिव श्री सतीश गुप्ता के संरक्षण में संपन्न हुआ। प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर में प्रतिभागी छात्राओं को चार टोलियों में बांटा गया– रानी लक्ष्मीबाई टोली, रानी अहिल्याबाई टोली, किरण बेदी टोली और रानी पद्मावती टोली। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे तंबू निर्माण प्रतियोगिता, भोजन प्रतियोगिता और स्लोगन प्रतियोगिता। तंबू निर्माण प्रतियोगिता के लिए छात्राओं ने मनमोहक तंबू लगाए और विभिन्न गैजेट्स भी बनाएं।



इस प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर रानी पद्मावती टोली रही और तृतीय स्थान रानी अहिल्याबाई टोली ने प्राप्त किया। भोजन प्रतियोगिता में रानी लक्ष्मीबाई टोली प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर किरण बेदी टोली और तृतीय स्थान रानी पद्मावती टोली ने प्राप्त किया। स्लोगन प्रतियोगिता में छात्रा वर्षा प्रथम, खदीजा द्वितीय और नीति भारद्वाज तृतीय स्थान पर रही। रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर के समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के सचिव श्री सतीश गुप्ता जी उपस्थित रहे, छात्राओं ने स्वागत ताली और रेंजर्स प्रभारी ने पुष्प देखकर उनका स्वागत किया किया। उन्होंने तंबूओं का निरीक्षण किया और छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उक्त प्रतियोगिताओं में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर पूनम उपस्थिति रही और प्रतिभागी छात्राओं को आशीष वचन देते हुए उन्होंने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में संस्कृत विभाग से डॉ. अनीता चौरसिया, अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति अग्रहरि, समाजशास्त्र विभाग से डॉ. शबनम और डॉ. चर्चा, हिंदी विभाग से सुश्री कीर्ति, मनोवैज्ञानिक विभाग से श्रीमती आकांक्षा यादव ने आयोजित प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर द्वारा दीक्षा संस्कार संपन्न कराया और आशीष वचन प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। दीक्षा समारोह के बाद प्राचार्या प्रोफेसर प्रियदर्शिनी उपाध्याय ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रेंजर्स उनके जीवन की नई शुरुआत है और उन्हें जीवन पर्यंत रेंजर्स नियम का पालन करते हुए सेवा के लिए समर्पित रहना होगा। कार्यक्रम का समापन करते हुए रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर ने वहां मौजूद सभी अतिथियों और




प्रशिक्षक का धन्यवाद किया। उन्होंने रेंजर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दीक्षा प्राप्त करने के बाद वह जीवन पर्यंत रेंजर्स के नियम को याद रखते हुए सेवा भाव से काम करेंगी। उन्होंने कहा महाविद्यालय का काम सिर्फ शिक्षा प्रदान करना नहीं बल्कि छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना भी है और रेंजर्स में यह कोशिश की जाती है कि छात्राओं की प्रतिभा को निखार कर उन्हें देश के विकास में सहायक बनाया जा सके। रेंजर्स छात्राओं को भारतीय परंपरा से जोड़ते हुए उन्हें एक प्रकार से गुरुकुल जीवन की संस्कृति से जोड़ता है। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. ऋचा सिंह और असिस्टेंट प्रोफेसर श्रीमती पूजा जादौन तथा सहायक के रूप में ड्रीम गोला उपस्थिति रही।

Priyadarshini 13/02/26

(प्रो0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय)
प्राचार्या
Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

Ankita Thakur

(डॉ0 अंकिता ठाकुर)
रेंजर्स प्रभारी
रेंजर्स प्रभारी
महात्मा गाँधी ...
फिरोजाबाद